अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम 2011 द्वारा स्थापित राज्य विश्वविद्यालय)

ग्राम मुगालिया कोट (सूखी सेवनिया) विदिशा रोड, भोपाल (म.प्र.)-462010

दूरभाष : 0755-2558606, वेबसाइट : www.abvhv.edu.in

क्रमांक/अध्ययन केंद्र/2021/अबिवाहिंविवि./ 119 भोपाल, दिनांक 06/08/21

अधिसूचना

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक/अ.के. /2021/अबिवाहिंविवि/280 भोपाल, दिनांक 17/06/2021 के तारतम्य में विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक सत्र 2021-22 के लिए मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों एवं क्षेत्रों में विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र के संचालन एवं प्रबंधन के लिए आवेदन की दिनांक 17/06/2021 से 24/06/2021 में वृद्धि करते हुए 11/08/2021 से 17/08/2021 तक किए जा सकेंगे। अध्ययन केंद्रों के उद्देश्य, नियम एवं नवीन शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.abvhv.edu.in पर उपलब्ध हैं। इसकी प्रति इस अधिसूचना के साथ संलग्न है। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 17/06/2021 से पूर्व जिन संस्थाओं ने अध्ययन केंद्र संचालन हेतु आवेदन किए थे उन आवेदनो को अमान्य करते हुए इच्छुक नवीन संस्थाओं के अतिरिक्त पुरानी संस्था जिन्होंने पूर्व में आवेदन किया था वह संस्था, कंपनी, न्यास, कोई समिति या कोई शैक्षणिक केंद्रों या संगठन जो मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम केंद्र संचालित करने के लिए दिनांक 17 अगस्त 2021 तक विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन प्रपत्र, एवं निर्धारित शुल्क रूपये 20,000/- (बीस हजार रूपये) डिमांड ड्राफ्ट के साथ अथवा बैक ऑफ बड़ौदा, खाता क्रमांक **13430100012347,** IFSC कोड **BARB0SUKHIS**, सूखी सेवनिया के खाते में **RTGS** के माध्यम से भी जमा कर सकते हैं। आवेदन विश्वविद्यालय के ई-मेल abvhvbpl@gmail.com पर अथवा डाक से जमा कर सकते हैं। ऐसी संस्था जो निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व ई-मेल से आवेदन करते हैं वह आवेदन की मूलप्रति तत्काल विश्वविद्यालय के कार्यालय में निम्नलिखित निर्देशानुसार जमा करना सुनिश्चित करें :-

1. आवेदन के साथ संलग्न भवन का विस्तृत ब्यावरा एवं एरिया (Sqft.) एवं पूर्ण क्षेत्रफल वर्गफिट सहित
2. अध्ययन केन्द्र संचालन संबंधी भवन की नोटराईज्ड किरायानामा की प्रति अनिवार्यता संलग्न करें तथा इसमें निर्मित क्षेत्रफल का एरिया वर्गफीट (Sqft.) सहित उल्लेख करें।
3. कक्षों की संख्या, प्रत्येक कक्ष का एरिया वर्गफीट (Sqft.) सहित, तथा प्रत्येक कक्ष में कितने विद्यार्थीयों की बैठक व्यवस्था है उनकी संख्या एवं इसी तरह प्राचार्य कक्ष, निदेशक कक्ष, स्टॉफ कक्ष, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कम्प्यूटर कक्ष एवं अन्य कक्षों का भी एरिया वर्गफीट (Sqft.) सहित।
4. आपके द्वारा आवेदित पाठ्यक्रमों (मेडिकल पाठ्यक्रमों हेतु) के प्रायोगिक कार्य करने हेतु किसी भी अस्पताल से एग्रीमेंट होना अनिवार्य हैं एवं एग्रीमेंट की छायाप्रति संलग्न करें।
5. भवन और समस्त कक्षों के छायाप्रति (फोटो) की एवं स्वंय सत्यापित कर साथ ही उन कक्षों का एरिया वर्गफीट (Sqft.) उल्लेखित करें।
6. प्रत्येक पाठ्यक्रम में 40 विद्यार्थियों के अध्यापन हेतु एक शिक्षक का होना अनिवार्य है। इस अनुपात में शिक्षक की व्यवस्था की विस्तृत जानकारी संलग्न करें।
7. पुस्तकालय में प्रति विद्यार्थी के हिसाब से 02 पुस्तकें होना अनिवार्य है उदा. के लिए यदि एक पाठ्यक्रम में 45 सीटें आवंटित की है तो कम से कम उस पाठ्यक्रम से संबंधित 90 पुस्तकें पुस्तकालय में होनी चाहिए इसकी जानकारी संलग्न करें।
8. आपके यहाँ के केंद्र प्रभारी का नाम, कार्यालाय का पता, मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आईडी सहित।

उपरोक्त बिन्दुओं अनुसार दिनांक 17 अगस्त 2021 दिन मंगलवार तक आवेदन करना अनिवार्य है अंतिम तिथि उपरान्त आवेदन नहीं लिए जावेंगे।

(यशवंत सिंह पटेल)
कुलसचिव

Scanned with CamScanner

पृ. क्रमांक/अध्ययन केंद्र/2021/अविवाहिंविवि./ 114 भोपाल, दिनांक 06/08/21

प्रतिलिपिः–

1. कुलपतिजी के निज सचिव के माध्यम से मा.कुलपतिजी की ओर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निज सहायक के माध्यम से मा.कुलसचिव की ओर सूचनार्थ।
3. अध्ययन केंद्र निदेशक, अविवाहिंविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. परीक्षा नियंत्रक, अविवाहिंविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5. वित्त अधिकारी, अविवाहिंविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
6. आईटी सेल प्रभारी, अविवाहिंविवि, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ।
7. प्रभारी स्थापना, अविवाहिंविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
8. आदेश पुस्तिका।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner